Dainik Tribune, August 24, 2015

स्वतंत्रता सेनानी बाबू मूलचंद जैन को श्रद्धांजलि

'अंग्रेजियत' से पायें मुक्ति : राज्यपाल

बोले -सामाजिक और आर्थिक तौर पर अभी पूरी तरह नहीं हुआ देश आजाद

करनाल, 23 अगस्त (हप्र)

राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने 'अंग्रेजियत' से मुक्ति पाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेज देश छोड़ कर चले गए, लेकिन अभी भी 'अंग्रेजियत' नहीं गई है। जरूरत इस बात की है कि देश से 'अंग्रेजियत' को भी खत्म किया जा सके। यह सब देश की सभ्यता, संस्कृति, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का आचरण करते हुए किया जा सकता है।

प्रो. कप्तान सोलंकी स्थानीय एनडीआरआई स्वतंत्रता सैनानी बाबू मूलचंद जैन की जन्मशताब्दी के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने आजादी दिलाने की आस्था अपने मन में रख कर स्वतंत्रता प्राप्ति की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद करा लिया, लेकिन सामाजिक और आर्थिक तौर पर अभी पूरी तरह देश आजाद नहीं हुआ है। समाज और देश के लोगों को यह लड़ाई भी आस्था के साथ लड़नी होगी, तभी सम्पूर्ण आजादी का अनुभव होगा।

राज्यपाल ने कहा कि आजादी प्राप्ति के लिए असंख्य लोग जेलों में गए, लेकिन आजादी प्राप्ति के बाद भी 1975 में देश के लोगों को जेलों में बंद करके रखा गया, जोकि आजाद देश के लिए कतई ठीक नहीं था। समारोह में स्वतंत्रता सैनानी महावीर प्रसाद जैन द्वारा लिखी एक पुस्तिका उनकी पत्नी शांता जैन ने राज्यपाल को भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तरफ भेजा गया संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। समारोह में स्वतंत्रता सैनानी मूलचंद जैन की नाती कृति और आस्था ने श्रद्धांजलि स्वरूप सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और अमेरिका से नाती साक्षी द्वारा भेजी गई कविताएं भी पढ़ी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने और देश के प्रति सेवा के संकल्प का संदेश दिया। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के पूर्व सांसद एवं जैन विश्व भारती लाडनू के पूर्व वीसी डा. रामजी सिंह ने की।

इस मौके पर हरियाणा स्वतंत्रता सम्मान समिति के अध्यक्ष बाबू हरि राम आर्य, असंध के विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव बख्शीश सिंह विर्क, नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता और करनाल के सांसद अश्विनी चोपड़ा की पत्नी किरण चोपड़ा ने भी बाबू मूलचंद जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

करनाल में रविवार को राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी सम्मानित की गईं शहीद सैनिकों की पत्नियों के साथ। चित्र में कैबिनेट मंत्री कविता जैन (बायें से दूसरी) भी दिखायी दे रही हैं। -रवि कुमार

बाबू मूलचंद जैन के नाम पर होगा सड़क का नाम

जन्मशताब्दी समारोह में सामाजिक,न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कविता जैन ने कहा कि किसी भी सडक का नाम बाबू मूलचंद जैन के नाम पर रखा जाएगा। करनाल आईटीआई का नाम बदलकर बाबू मूलचंद जैन आईटीआई रख दिया गया है।